पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल से ग्राम मलूकपुर, जनपद बाराबंकी के स्कूली बच्चों ने मुलाकात की।

बच्चे ही देश का भविष्य है।

गांव में स्कूल चलाना सराहनीय कार्य।

स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाई जाए जिसका व्यय राजभवन से दिया जाएगा।

राज्यपाल -श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः दिसम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहां राजभवन भ्रमण पर आए जनपद बाराबंकी के मलूकपुर ग्राम के निजी स्कूल 'महादेव प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल' के 61 बच्चों, स्कूल के शिक्षकों तथा प्रबंधन से जुड़े सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है। शिक्षक बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा गांव में स्कूल चलाना ग्रामीण बच्चों को शिक्षित करना एक सराहनीय कार्य है। राज्यपाल जी ने स्कूल संचालन के संदर्भ में स्कूल के प्रबंधक श्री अरविंद कुमार से वार्तालाप भी किया।

प्रबंधक ने राज्यपाल जी को जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में ग्रामीण बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में आसपास के 18 गांव के बच्चे न्यूनतम शुल्क पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तथा ग्राम वासियों के सहयोग और निजी स्रोतों से स्कूल व्यय-भार वहन किया जा रहा है।

उन्होंने राज्यपाल जी को जानकारी दी की स्कूल में पुस्तकालय संगीत की कक्षा की सुविधा है, लेकिन स्मार्ट क्लास नहीं है। राज्यपाल जी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिया कि स्कूल में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास बनाई जाए, जिसके व्यय का वहन राजभवन द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं, स्कूल के विद्यार्थी तथा राज भवन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र-8318116361